Class-3

Hindi grammar

Lesson-2

वर्ण विचार

प्रश्न- १ निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए-

क) वर्ण किसे कहते हैं?

उत्तर- वह छोटी से छोटी ध्वनि जिसके और टुकड़े नही किए जा सकते, उसे वर्ण कहते हैं।

ख) वर्ण के कितने भेद होते हैं? लिखो।

उत्तर- वर्ण के दो भेद होते हैं – १) स्वर २) व्यंजन ।

ग) संयुक्त व्यंजन किसे कहते हैं?

उत्तर- एक से अधिक व्यंजनो से मिलकर बने वर्ण को संयुक्त व्यंजन कहते हैं।

जैसे -- क् +ष् = क्ष

त् + र् = त्र

श् + र् =श्र

घ) द्वित्तय व्यंजन किसे कहते हैं?

उत्तर- जब किसी शब्द में एक ही व्यंजन एक से अधिक बार आता है, तो उसे द्वित्य व्यंजन कहते हैं।

जैसे – पक्का, कच्ची, लज्जा, सत्ता आदि।

Scanned with CamScanner

2020/4/28 14:02
AI DUAL CAMERA
REDMI NOTE 7 PRO



# आपने क्या सीखा ?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-
   (क) वर्ण किसे कहते हैं?
   (ख) वर्ण के कितने भेद होते हैं? लिखो।
   (ग) संयुक्त व्यंजन किसे कहते हैं?
   (घ) द्वित्व व्यंजन किसे कहते हैं?

2. इनको मिलाकर लिखो-

(क) फ् + ऊ + ल् + अ — फूल
(ख) क् + औ + न् + अ — कौन
(ग) द् + ए + श् + अ — देश
(घ) न् + अ + र् + ए + श् + अ — नरेश
(ङ) ऊ + न् + अ — ऊन

3. ह्रस्व और दीर्घ स्वर छाँटकर लिखो-

अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ

(क) ह्रस्व स्वर- अ, इ, उ, ऋ
(ख) दीर्घ स्वर- आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ

4. सही शब्द छाँटकर खाली स्थान भरो-

(क) व्यंजन के साथ जुड़ने वाले स्वर के रूप को मात्रा कहते हैं। (मात्रा / स्वर)
(ख) एक से अधिक व्यंजनों से मिलकर बने वर्ण को संयुक्तव्यंजन कहते हैं। (संयुक्त व्यंजन / द्वित्व व्यंजन)
(ग) स्वरों की संख्या 11 होती है। (15 / 11)
(घ) विसर्ग का चिह्न : होता है। ( ँ / : )
(ङ) व्यंजन वर्णों की संख्या 35 होती है। (35 / 45)




Scanned with CamScanner

2020/4/28 14:02
REDMI NOTE 7 PRO
AI DUAL CAMERA

# रचनात्मक कार्य

निम्नलिखित मात्राओं को लगाकर दो-दो शब्द लिखो-




आ (ा): आम, काम

इ (ि): किला, पिन

ई (ी): चीता, सीता

उ (ु): गुन, बुन

ऊ (ू): फूल, धूल

ए (े): केला, रेखा

ऐ (ै): पैदल, सैनिक

ओ (ो): मोर, शोर

औ (ौ): औरत, औसत



Scanned with CamScanner